आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.02.2026 समय : 0705

- देश में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने यातायात कानूनों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।
- प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए कहा– केन्द्रीय बजट द्वीपसमूह के लिए परिवर्तनकारी विकास रोडमैप प्रस्तुत करता है।
- श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से PM.SYM और NPS ट्रेडर्स योजनाओं के लिए देशव्यापी पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है।
- विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ताओं और आम जनता के लिए टोल–फ्री नंबर उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><><>

देश में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को यातायात कानूनों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके मद्देनज़र परिवहन विभाग ने सभी से मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और संबंधित नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। नियम के तहत पैदल यात्रियों को सड़क पार करने के लिए केवल निर्धारित जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने को कहा गया है। वाहन चालकों को क्रॉसिंग के पास वाहन धीमा करने, पैदल यात्रियों को रास्ता देने और फुटपाथ पर वाहन पार्क करना सख्त मना है। उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के तहत दंड दिया जाएगा। दुपहिया वाहन में चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति का BIS–प्रमाणित हेलमेट पहनना अनिवार्य है। नियम का उल्लंघन करने पर 1,000 रूपये का जुर्माना और धारा 194D के तहत 3 महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। हमेशा सड़क के बाईं ओर चलें और लेन मार्किंग का पालन करें। गलत दिशा में वाहन चलाना और गलत तरीके से ओवरटेक करना दंडनीय है। खतरनाक ड्राइविंग के लिए धारा 184 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। निजी वाहनों में हाई–इंटेंसिटी सफेद LED लाइटें, लाल, नीली स्ट्रॉब लाइटें और अनधिकृत हूटर या प्रेशर हॉर्न का उपयोग सख्त वर्जित है। आपातकालीन लाइटें और सायरन केवल अधिकृत

आपातकालीन वाहनों के लिए ही अनुमत हैं। प्रशासन ने कहा है कि सड़क सुरक्षा सरकार, प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है।

<><><><><><><>

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह केन्द्रीय बजट इस द्वीप समूह के लिए एक व्यापक और परिवर्तनकारी विकास रोडमैप प्रस्तुत करता है। यह बजट अंडमान–निकोबार को एक रणनीतिक समुद्री केंद्र और भारत की 'ब्लू इकोनॉमी' के आधार स्तंभ के रूप में स्थापित करता है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. टी.के. जिजित रेख ने बजट की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंडमान–निकोबार के विशेष आर्थिक क्षेत्र में पकड़ी गई मछलियाँ अब शुल्क मुक्त होंगी, जिससे स्थानीय मछुआरों की आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा बजट में समुद्री व्यापार और रसद पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जिसमें तटीय कार्गो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से 2047 तक तटीय और अंतर्देशीय जल कार्गो को 12 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। बजट में ग्रेट निकोबार परियोजना, सी–प्लेन कनेक्टिविटी, पर्यटन और संस्कृति, बुनियादी ढांचा और जल परियोजनाओं, 10 हजार टूर गाइडों का कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। 10,000 टूर गाइडों को प्रशिक्षण और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की राज्य बाल संरक्षण समिति की ओर से परीक्षा के दौरान प्रणब कन्या संघ में 'परीक्षा तनाव प्रबंधन और भावनात्मक कल्याण' पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा से संबंधित तनाव और भावनात्मक चुनौतियों से निपटने में मदद करना है। एस सी पी एस की कार्यक्रम प्रबंधक ने लड़कियों को तनाव कम करने के सरल व्यायाम, सकारात्मक सोच और पढ़ाई व आराम के बीच संतुलन बनाने के व्यावहारिक तरीकों पर जानकारी दी। मिशन वात्सल्य की नोडल अधिकारी ने शैक्षणिक रूप से परीक्षा के दौरान बच्चों के लिए मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक सहायता के महत्व पर जोर दिया। समाज कल्याण निदेशक रविंद्र कुमार ने सभी बाल देखभाल संस्थानों में नियमित रूप से सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने पीएम–एस वाई एम और एन पी एस ट्रेडर्स योजनाओं के लिए देशव्यापी पंजीकरण अभियान शुरू किया है। प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र के लिए पंजीकरण 15 जनवरी से

शुरू हो चुका है, जो 15 फरवरी तक चलेगा। द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए सभी पात्र असंगठित श्रमिकों, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों से योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी सीएससी केंद्रों के माध्यम से पंजीकरण कराने की अपील की गई है। यह एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। इसके तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रूपये प्रति माह न्यूनतम पेंशन और ग्राहक की मृत्यु के बाद पति या पत्नी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन दी जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा समान योगदान दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए पात्र व्यक्ति अपने आधार कार्ड और बचत या जन–धन बैंक खाते का उपयोग करके नजदीकी सामान्य सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। पहला अंशदान नकद में देना होगा, जिसके बाद मासिक योगदान बैंक खाते से लिया जाएगा। सहायता के लिए लाभार्थी किसी भी कार्य दिवस पर श्रम विभाग,से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

विद्युत विभाग की ओर से टोल–फ्री उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 1800–345–1111 सभी उपभोक्ताओं और आम जनता के लिए 24•7 उपलब्ध कराई गई है। अब उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित किसी भी शिकायत को दर्ज करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। टोल–फ्री नंबर के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का समन्वय केंद्रीय शिकायत कक्ष द्वारा किया जाता है। यह प्रणाली शिकायतों का त्वरित, कुशल और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करती है। उपभोक्ता बिजली कटौती या बिलिंग से संबंधित समस्या होने पर टोल–फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से मल्टी–टास्किंग, गैर–तकनीकी स्टाफ और हवलदार के पद के लिए कल से 19 फरवरी तक परीक्षा का आयोजन किया गया है। उम्मीदवार अपना ई–प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर कल चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान में कार्यक्रम आयोजित कर आर्द्रभूमि के संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान तटीय आर्द्रभूमि की सुरक्षा और जिम्मेदार पर्यावरणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक सफाई अभियान चलाया गया। रंगाचांग स्कूल के छात्रों को पास के मैंग्रोव आर्द्रभूमि स्थल का भ्रमण कराया गया और इन क्षेत्रों के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक

और पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चिड़ियाटापू प्राथमिक विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और जैविक उद्यान के कर्मचारियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने परिवहन विभाग द्वारा सड़क उपयोगकताओं से यातायात नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से पालने करने की अपील के समाचार को अपनी पहली हेडलाईन बनाया है। द्वीप समाचार ने भी इस समाचार के अलावा कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से तीन दिवसीय रंगमंच महोत्सव के आयोजन के समाचार को प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने श्री विजयपुरम हवाई अड्डे को सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा चुने जाने के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने हरिनगर में  चौंथे किसान मेला के उद्घाटन के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है, जबकि श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा मरीना पार्क समुद्र तट पर सफाई अभियान चलाने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाई है।

**<><><><><><><>**